**PERIODIC TEST - II (2025-2026)**
**SUBJECT: Hindi**
**MODEL PAPER**

**Name:**
**Class: 5**
**Time: 1 hour 30 minutes** **Marks: 40**

खंड –"अ"

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

भारत एक कृषि प्रधान देश है। यहाँ की अधिकांश जनसंख्या गाँवों में रहती है और खेती पर निर्भर है। किसान खेतों में अनाज, फल और सब्ज़ियाँ उगाते हैं, जो पूरे देश के लिए भोजन का मुख्य स्रोत हैं। समय पर बारिश और उर्वरक मिट्टी अच्छी फ़सल के लिए आवश्यक हैं। आधुनिक यंत्रों और वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने पर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। किसान की मेहनत से ही हमारे घरों में अनाज पहुँचता है, इसलिए हमें किसानों का सम्मान करना चाहिए।

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **2x1=2**

(i) भारत कैसा देश है ?

(ii) यहाँ की अधिकांश जनसंखा कहाँ रहती हैं ?

**(ख) गद्यांश में से चुनकर रिक्त स्थान भरिए :-** **3x1=3**

(i) किसान खेतों में अनाज , फल और ______ उगाते हैं ।

(ii) किसान की ________ से हमारे घरों में अनाज पहुँचता है ।

(iii) हमें ________ का सम्मान करना चाहिए ।

**2. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर और उनपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**
**1x5=5**

गौरैया पक्षी प्राकृतिक और खुले मैदानी इलाकों में रहना पसंद करती है लेकिन दिल्ली में शहरीकरण के कारण प्राकृतिक आवासों की कमी हो गई है । वायु प्रदूषण की समस्या भी गंभीर है , जिसका गौरैया पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है । वायु प्रदूषण इसके

AMRUTHAYA CENTRAL SCHOOL

पंखों की क्षमता को प्रभावित करता है । उसे शुद्ध और स्वच्छ वातावरण की आवश्यकता होती है । अतः लोगों को जागरूक करने के लिए पोस्टर लगाइए , गोष्ठियाँ तथा सामूहिक चर्चा कीजिए ।

(क) गौरैया किन इलाकों में रहना पसंद करती है ?

(ख) दिल्ली में शहरीकरण के कारण क्या हुआ है ?

(ग) वायु प्रदूषण से गौरैया कैसे प्रभावित हो रही है ?

(घ) लोगों को कैसे जागरूक किया जा सकता है ?

(ङ) किस प्रदूषण की समस्या गंभीर है ?

**खंड – "ब"**

**3.निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्दों लिखिए :- 5x1=5**

(i)विश्वास x (ii) झूठा x (iii) मुश्किल x (iv) उपस्थित x (v) काला x

**4.निम्नलिखित शब्दों के वर्ण - विच्छेद कीजिए :- 3x1=3**

(i) समुद्र - (ii) सुभाष - (iii) निकोबार -

**5. निम्नलिखित शब्दों में से समान अर्थ वाले शब्दों की मिलान कीजिए :- 3x1=3**

| | |
|---|---|
| (क) प्रचलित | (i) चारों ओर पानी से घिरा भू - भाग |
| (ख)मंत्रमुग्ध | (ii) चलन में |
| (ग) द्वीप | (iii) सम्मोहित |

**6.कोष्टक में से चुनकर निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :- 4x1=4**

(तरु , बगीचा , अंबर , मेघ )

(i) बादल - (ii) आकाश - (iii) पेड़ - (iv) बाग -



AMRUTHAYA CENTRAL SCHOOL

**7. "दिवाली" पर अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।** **1x5=5**

## खंड – "स"

**7.निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए :-** **2x1=2**

(i) कवयित्री गौरैया से क्या आग्रह कर रही हैं ?

(ii) भदसेन ने शीलभद्र को कहाँ धन दिया था ?

**8.निम्नलिखित विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर लिखिए :-** **2x1=2**

(क) अंडमान - निकोबार का मुख्य भोजन क्या है ?

(i) गेहूँ (ii) बाजरा (iii) चावल

(ख) क्या खिल उठी ?

(i) फूलों की क्यारी (ii) आलू की क्यारी

(iii) पीली सरसों की क्यारी ।

**8. सही शब्दों चुनकर खाली स्थान भरिए :-** **6x1=6**

(नए ,अनाथाश्रम , केंद्र शासित , गुलाबी )

(क) ये _______ वाले हमारे _____ दोस्त हैं ।

(ख) युक्ति _________ फ्रॉक में परी लग रही थी ।

(ग) अंडमान - निकोबार द्वीप समूह भारत का एक ________ प्रदेश है ।

AMRUTHA VIDYALAYA CENTRAL SCHOOL